Dr. Deepak Agarwal July 27, 2022 देश, प्रदेश, यूपी, शिक्षा

डॉ. दीपक अग्रवाल
अमरोहा/उत्तर प्रदेश (सनशाइन न्यूज)
जेएस हिंदू पीजी कॉलेज अमरोहा में नैक मूल्यांकन और प्रत्यायन की तैयारी हेतू प्राचार्य डॉ वीर वीरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक की गई। इस बैठक में आइक्यूएसी के समन्वयक, डॉ संजय शाही एवं सदस्यों के साथ महाविद्यालय के संपूर्ण शैक्षणिक स्टाफ की सक्रिय सहभागिता रही।
इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. वीर वीरेंद्र सिंह ने कहा कि केवल आइक्यूएसी नैक मूल्यांकन नहीं करा सकती उसके लिए समस्त शैक्षणिक स्टाफ को महाविद्यालय स्तर पर समस्त गतिविधियों जैसे सेमिनार संगोष्ठी निबंध प्रतियोगिता क्विज प्रतियोगिता भाषण प्रतियोगिता पोस्टर प्रतियोगिता रिसर्च प्रोजेक्ट रिसर्च पेपर कैंपस ब्यूटीफिकेशन स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत के तहत महाविद्यालय परिसर की स्वच्छता एंटी रैगिंग महिला उत्पीड़न शिकायत निवारण आदि समस्त गतिविधियों को क्रमवद्ध और संगठित तरीके से साक्ष्य के तौर पर संग्रहित करना होगा।
आइक्यूएसी के समन्वयक डॉ. संजय शाही ने इस अवसर पर कहा कि संपूर्ण महाविद्यालय को एक क्रमबद्ध और व्यवस्थित तरीके से अपनी अकादमिक गतिविधियों को एकत्र करना होगा। उनके उद्देश्य लक्ष्य मानक और निष्कर्ष प्रस्तुत करने होंगे अर्थात विभागीय स्तर पर होने वाली सेमिनार और स्वयंसेवी संस्थाओं के द्वारा आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों को भी इसी प्रकार संग्रहित करना होगा। गतिविधियों का अभिलेखीकरण नेट प्रत्यायन और मूल्यांकन हेतु अत्यावश्यक है।
इस मौके पर कालेज स्टाफ मौजूद रहा।

75
आजादी का

आजादी का
AMROHA